हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार 9 मई 2026

10 न्यूटन स्कूल में मदर्स डे मनाया, गीतों पर झूमे



12 कचरे पर राजनीति, सरकार मौन, लगे कूड़े के ढेर









मदर्स-डे पर आयोजित कार्यक्रम में महिला अभिभावकों ने दी नृत्य की प्रस्तुति

# मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संस्कारों की पहली पाठशाला : डॉ. महिपाल

विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कि अपनी माता द्वारा दिए गए संस्कारों को जीवन में उतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास के मदर्स-डे पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। संस्कारम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संस्कारों की पहली पाठशाला है। मां का त्याग और उसका निस्वार्थ प्रेम ही बच्चे के उज्वल भविष्य की नींव रखता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे हमेशा अपनी माता का सम्मान करें और उनके द्वारा दिए गए अच्छे संस्कारों को अपने जीवन में उतारें। विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के प्रति कृतज्ञता और प्रेम व्यक्त करने के लिए कई रंगारंग और हृदयस्पर्शी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। छोटी कक्षा के विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के लिए सुंदर ग्रीटिंग बनाए जबकि वरिष्ठ विद्यार्थियों ने चार्ट और पेंटिंग के माध्यम से मां की महिमा दर्शायी। इसके अलावा विद्यार्थियों के बीच कविता पाठ, भाषण प्रतियोगिता और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कविता पाठ में विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि मां के बिना जीवन अधूरा है और उनका आशीर्वाद ही सबसे बड़ी सफलता है। इस दौरान आमंत्रित महिला अभिभावकों के बीच भी नृत्य प्रतियोगिता कराई गई जिसमें विद्यार्थियों की माताओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई।



झज्जर। नृत्य की प्रस्तुति देते हुए महिला अभिभावक। फोटो : हरिभूमि




झज्जर। मां के सम्मान में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते हुए विद्यार्थी।

## मां के सम्मान में बच्चों ने भेंट किए सुंदर कार्ड

**झज्जर।** किड्ज शैशव, तिरंग इंटरनेशनल स्कूल व मोंटेशरी विंग में मातृ दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के सम्मान में गीत, नृत्य, कविता व नाटक के माध्यम से रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। छोटे बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम व्यक्त करते हुए सुंदर कार्ड एवं हस्तनिर्मित उपहार भेंट किए। विद्यालय निदेशिका उषा गहलोत व प्राचार्या आरती शर्मा ने अपने-अपने संबोधन में कहा कि मां हमारे जीवन की प्रथम गुरु होती है, जिनके संस्कार एवं मार्गदर्शन से बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनता है। कार्यक्रम के भाग लेने वाली सभी महिला अभिभावकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।




झज्जर। अपने बच्चों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते हुए महिला अभिभावक। *फोटो : हरिभूमि*

## एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में मातृ दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**झज्जर।** एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में शुक्रवार को मातृ दिवस के उपलक्ष्य में अनेक सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्री-प्राइमरी से प्रथम कक्षाओं तक के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्राचार्या प्रीति राठी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में एच डी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की जबकि सचिव विशाल नेहरा व हेमंत गुलिया विशिष्टतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यार्थियों द्वारा तेरी ऊंगली पकड़ कर चला, तू कितनी अच्छी हैओ मां, मेरी मां ही मेरा भगवान आदि गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में आमंत्रित महिला अभिभावकों के बीच भी नृत्य व खेल प्रतियोगिताएं कराई गईं। एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने कहा कि यह दिवस निस्वार्थ प्रेम, त्याग और समर्पण की मूर्ति मां को समर्पित होता है। मां एक शब्द नहीं बल्कि दिल का अहसास है। मां के बिना हमारा अस्तित्व अधूरा है। वह हमारे जीवन की पहली शिक्षिका, पहली दोस्त और हमारी सबसे बड़ी रक्षक होती है। उन्होंने कहा कि हम दुनिया में कितने ही ऊंचे पद पर क्यों न पहुंच जाएं लेकिन मां के निस्वार्थ प्रेम का कर्ज कभी नहीं उतार सकते। कार्यक्रम के समापन पर प्री-प्राइमरी हेड सुमन मान ने सभी अभिभावकों का आभार जताया।

# रेडक्रॉस के मूल्यों को अपनाने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस के मौके पर विशेष कार्यक्रम हुआ। इसमें रेडक्रॉस के सिद्धांतों, समाजसेवा के महत्व और मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस दौरान एक प्रेरणादायक वृत्तचित्र फिल्म का प्रदर्शन किया गया। डॉक्यूमेंट्री फिल्म में रेडक्रॉस सोसायटी के स्थापना इतिहास, विश्वभर में आपदा राहत कार्यों, स्वास्थ्य सेवाओं, रक्तदान अभियानों और जरूरतमंदों को सहायता पहुंचाने के कार्यों को विस्तार से दर्शाया गया। इस दौरान राज्यपाल का विशेष संबोधन भी स्वयंसेविकाओं ने सुना। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सेवा को भी अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय में रेडक्रॉस इकाई के माध्यम से छात्राएं नियमित रूप से रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम और स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेती रही हैं। कार्यक्रम संयोजिका व रैडक्रॉस प्रभारी डॉ. शालू शर्मा ने बताया कि मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, स्वैच्छिक सेवा, एकता और सार्वभौमिकता रेड क्रॉस के सात मूल सिद्धांत हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्राओं और शिक्षकों ने विश्व रेडक्रॉस दिवस की सामूहिक शपथ ली।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित रेडक्रॉस प्रभारी व स्वयंसेविकाएं।

# वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में राज्यपाल के संदेश को सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में राज्यपाल का संदेश सुना गया। रेडक्रॉस के संस्थापक जीन हेनरी ड्यूनेंट की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। राष्ट्रीय स्तर की ई-क्विज प्रतियोगिता हुई।

यूथ रेडक्रॉस इकाई द्वारा स्मार्ट तकनीक का उपयोग करते हुए राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष का प्रेरणादायी संदेश सुना गया। इसके बाद रेडक्रॉस के संस्थापक जीन हेनरी ड्यूनेंट की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा द्वारा छात्राओं एवं स्वयंसेवकों को उनके मानव सेवा एवं करुणा से प्रेरित कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। रेडक्रॉस इकाई द्वारा राष्ट्रीय स्तर की ई-क्विज प्रतियोगिता की गई। इसमें 70 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेविकाओं ने समाज और राष्ट्र की सेवा में अपना पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया।



बहादुरगढ़। वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में राज्यपाल का संदेश सुनतीं महिलाएं।

## ग्रेपलिंग कमेटी के चेयरमैन बने अहलावत



**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता राम अहलावत को ग्रेपलिंग कमेटी ऑफ हरियाणा द्वारा जिला झज्जर ग्रेपलिंग कमेटी का चेयरमैन बनाया गया है। नियुक्ति के बाद राम अहलावत ने ग्रेपलिंग कमेटी हरियाणा के अध्यक्ष डॉ. विनोद स्वामी, जनरल सेक्रेटरी विनोद शर्मा और कोषाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा का आभार व्यक्त किया। अहलावत ने कहा कि वह पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण भाव से कार्य करते हुए झज्जर जिले के खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य के लिए मेहनत करेंगे। उनका उद्देश्य जिले में ग्रेपलिंग खेल को नई पहचान दिलाना और खिलाड़ियों को बेहतर मंच व सुविधाएं उपलब्ध करवाना रहेगा।

# जनगणना प्रगणकों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जनगणना के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन को लेकर शुक्रवार को जनगणना प्रगणकों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नायब तहसीलदार प्रवीण कुमार द्वारा की गई। बैठक में जनगणना कार्य से जुड़े कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

बैठक के दौरान नायब तहसीलदार प्रवीण कुमार ने उपस्थित प्रगणकों से कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रियाओं में से एक है। इसके आधार पर सरकार विभिन्न विकास योजनाओं एवं नीतियों का निर्माण करती है। सभी कर्मचारी अपने कार्य को पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न करें तथा प्रत्येक परिवार एवं व्यक्ति की जानकारी सही एवं निर्धारित प्रारूप में दर्ज करना सुनिश्चित करें। इस दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा त्रुटि से बचना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही कर्मचारियों को तकनीकी कार्यों एवं ऑनलाइन प्रणाली के उपयोग के संबंध में भी प्रशिक्षणात्मक जानकारी दी गई। बैठक में जनगणना कार्य के दौरान आने वाली संभावित समस्याओं एवं उनके समाधान पर भी चर्चा की गई। नितिन गौड़ और नरेंद्र शर्मा ने जनगणना कार्य की प्रक्रिया, ऑनलाइन डाटा एंट्री, मोबाइल एप्लीकेशन के उपयोग, डाटा संग्रहण प्रणाली तथा फील्ड कार्य से संबंधित विस्तृत जानकारी दी।



बहादुरगढ़। जनगणना कार्य की प्रक्रिया समझाते नितिन गौड़।

# बैठक में जनसभा की तैयारियों पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बहुजन समाज पार्टी जिला झज्जर की ओर से बादली विधानसभा में आयोजित बैठक में 10 मई को होने वाली विधानसभा स्तरीय जनसभा की तैयारियों को लेकर रणनीति बनाई गई। ये जनसभा बादली स्थित अंबेडकर भवन व बेरी स्थित बाल्मीकि धर्मशाला में होगी।

बैठक में पार्टी नेताओं ने संगठन विस्तार और विधानसभा क्षेत्र में जनाधार मजबूत करने पर जोर दिया। प्रदेश महासचिव हेमचंद्र मेहरा ने कहा कि बादली विधानसभा में पार्टी को मजबूत करने के लिए गांव-गांव संगठन खड़ा किया जा रहा है। पूर्व प्रदेश महासचिव ओमप्रकाश कटारिया ने कहा कि क्षेत्र की जनता में बदलाव की इच्छा साफ दिखाई दे रही है और इस बार लोगों का रुझान बसपा की ओर बढ़ रहा है। जिला अध्यक्ष सतबीर जाखौदा ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में जनसभा में पहुंचने की अपील की। बैठक में बताया गया कि जनसभा में प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर सहित जोन-1 के प्रदेश प्रभारी भी शामिल होंगे। इस दौरान राम सिंह और रामेश्वर बुपनिया समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



झज्जर। रक्तदाता को बैज लगाकर उत्साहवर्द्धन करते एसडीएम रवि मीणा।

## शिविर में 39 युवाओं ने रक्तदान किया

**झज्जर।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को रेडक्रॉस भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। एसडीएम रवि मीणा ने शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। शिविर के दौरान दिव्यांगजन को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, कान की मशीन, बेल्ट, व्हील चेयर भी प्रदान की गई। शिविर में 39 युवाओं ने रक्तदान कर पुण्य कमाया। एसडीएम ने रक्तदान शिविर को समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और इससे अनगिनत जीवन बचाए जा सकते हैं। हर स्वस्थ व्यक्ति को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। यह न केवल जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी है, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा भी है।

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन

# एआई तकनीक वर्तमान की जरूरतः डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

डिजिटल सशक्तिकरण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता तत्परता के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के लिए एनईपी 2020 के तहत उच्च शिक्षा की नई परिकल्पना विषय पर वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय वर्चुअल बहुविषयक संगोष्ठी की गई। ईक्वल ऐक्सेस अमेरिका स्थित गैर-लाभकारी संस्था के सहयोग से हुई संगोष्ठी में भारत सहित विश्व के विभिन्न देशों से शिक्षाविदों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं विशेषज्ञों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम में डिजिटल सशक्तिकरण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फ्रीलांसिंग इकोसिस्टम, नवाचार, उद्यमिता एवं आत्मनिर्भर भारत जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा हुई। माइक्रोसॉफ्ट और गिगी मोटिवेशन की फाउंडर गिजेल अलानिज ने कहा कि आज के डिजिटल युग में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि कौशल-आत्मविश्वास एवं वैश्विक दृष्टिकोण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने जुनून को पहचानकर उसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आय के स्त्रोत में परिवर्तित करने के लिए प्रेरित किया। माइक्रोसॉफ्ट व कॉर्नेल यूनिवर्सिटी की प्रोडक्ट मैनेजर अनघा तोदलबागी ने बताया कि आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस न केवल तकनीकी क्षेत्र में बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यवसाय और शोध के क्षेत्र में भी क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहा है। संगोष्ठी के विभिन्न तकनीकी सत्रों का संचालन अनुभवी शिक्षाविदों ने सेशन चेयर के रूप में किया। इनमें प्राचार्या डॉ. तरूणा मल्होत्रा, डॉ. महाश्वेता, डॉ. सुनीता आर्य, डॉ. मंजू गहलावत हुड्डा, डॉ. गीता रानी, डॉ. निधि कक्कड़ शामिल रहीं। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत शोधपत्रों को विशेषज्ञों द्वारा सराहा गया।

## एनईपी के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला

डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के एचआर निदेशक डॉ. रमेश चंद्र शर्मा ने एनईपी के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह नीति शिक्षा को अधिक लचीला, बहुविषयक एवं कौशल-उन्मुख बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने उच्च शिक्षा संस्थानों को नवाचार, अनुसंधान एवं उद्योग-सहयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया तथा शिक्षकों को नई शिक्षण पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। एमडीयू के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. नसीब सिंह गिल ने कहा कि आज के समय में फ्रीलांसिंग, गिग इकॉनमी एवं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विद्यार्थियों के लिए रोजगार के नए द्वार खोल रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल स्किल्स, प्रोग्रामिंग, डिजिटल मार्केटिंग एवं तकनीकी नवाचार की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।

## न्यूज डायरी



झज्जर। मां शीर्षक पर लघु नाटिका की प्रस्तुति देते हुए विद्यार्थी।

### कैंब्रिज इंटरनेशनल में मां के सम्मान में कार्यक्रम

**झज्जर।** कैंब्रिज इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल भदाना में शुक्रवार को मातृ दिवस के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा व विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने कविता पाठ, गीत, नारा वाचन, भाषण तथा लघु नाटिका के माध्यम से मां के प्रति अपने प्रेम, सम्मान एवं कृतज्ञता को प्रकट किया। विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र जून ने कहा कि मां का स्थान जीवन में सर्वोपरि होता है। हमें सदैव उनका सम्मान एवं आदर करना चाहिए। विद्यालय कोर्डिनेटर प्रियंका शर्मा ने विद्यार्थियों को अपने व्यवहारिक जीवन में मां के प्रति प्रेम, सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर गतिविधि प्रभारी तुशिका, संगीत शिक्षिका नीतू, अनु, ज्योति यादव, पिंकी, रितु, ज्योति जून सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### मां बच्चे की पहली शिक्षिका होती है : मोनिका शर्मा

**झज्जर।** मदर्स-डे के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जय मॉडर्न वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दुल्हेडा में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। स्कूल संचालक सुगन कुमार व प्राचार्या मोनिका शर्मा ने विद्यार्थियों को मां के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि मां बच्चे की पहली शिक्षिका होती है। मां का कर्ज कभी नहीं उतारा जा सकता। इस दौरान महिला अभिभावकों ने भी कार्यक्रम में पहुंच कर उत्साह दिखाया।




बहादुरगढ़। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते पीडीएम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी।

### पीडीएम स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया मातृ दिवस

**बहादुरगढ़।** शहर के पीडीएम पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को मातृ दिवस बड़े उत्साह एवं भावनात्मक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने माताओं के सम्मान एवं महत्व को दर्शाते हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गीत एवं नृत्य के माध्यम से बच्चों ने अपनी भावनाएं व्यक्त की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता कर कार्यक्रम का आनंद उठाया। विद्यालय परिसर में उत्साह एवं खुशी का वातावरण देखने को मिला। मातृ दिवस के उपलक्ष्य में कक्षा तीसरी से 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता एवं प्रेम भाव को सुंदर कार्डों के माध्यम से प्रस्तुत किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की सराहना की गई। प्रधानाचार्या डॉ. सुमन हुड्डा ने सभी माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है तथा ऐसे कार्यक्रम बच्चों में संस्कार, सम्मान एवं भावनात्मक जुड़ाव विकसित करने में सहायक होते हैं।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते अशोका स्कूल के विद्यार्थी।

### अशोका स्कूल में मातृ दिवस बच्चों ने दी सुंदर प्रस्तुति

**बहादुरगढ़।** अशोका इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को मातृ दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भाषण, कविताओं एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से माताओं के प्रति अपने प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता को व्यक्त किया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। प्रिंसिपल जैनेंद्र कुमार ने कहा कि केवल एक दिन को ही मातृ दिवस के रूप में महत्व देने के बजाय प्रत्येक दिन मां के सम्मान, प्रेम और आदर का दिवस होना चाहिए। स्कूल निदेशिका विजय लक्ष्मी व चेयरमैन डॉ. अशोक शर्मा ने सभी माताओं को मातृ दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके त्याग, स्नेह और समर्पण को नमन किया।



बहादुरगढ़। मां को लेकर कार्ड बनाते बाल विकास स्कूल के विद्यार्थी।

### मदर्स-डे पर हुई कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता

**बहादुरगढ़।** बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को मदर्स डे के उपलक्ष्य में छठी से 8वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लियया। विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और भावनाओं को रंग-बिरंगे कार्डों के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य डॉ. पूनम चौधरी ने कहा कि यह दिन मां के प्रति सम्मान, प्रेम और कृतज्ञता व्यक्त करने का विशेष अवसर है। ऐसी रचनात्मक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें संवेदनशीलता और पारिवारिक मूल्यों को भी मजबूत करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित भी किया गया।

*वातावरण हो रहा प्रदूषित, जीव-जंतुओं और पक्षियों पर भी पड़ रहा दुष्प्रभाव*

# सांझ ढलते ही फसल अवशेषों को आग के हवाले कर रहे किसान, सुलग रहे पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

इन दिनों सायं ढलते ही किसान खेतों में बचे फसल अवशेषों को आग के हवाले कर रहे हैं। खेतों में दूर-दूर तक आग की लपटें और आसमान में धुएं के गुबार दिखाई देते हैं, जिसके कारण जहां वातावरण प्रदूषित हो रहा है, वहीं आसपास खड़े पेड़-पौधों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। झज्जर रोहतक मार्ग पर चमनपुरा गांव से लकड़ियां गांव तक पेड़ सुलग रहे हैं और कुछ पेड़ टूटकर नीचे भी गिर गए हैं। इसके अलावा ग्रीन बेल्ट को भी भारी नुकसान पहुंचा है। आग लगने के कारण जीव-जंतुओं और पक्षियों के जीवन पर भी संकट खड़ा हो गया है। विशेषज्ञों के अनुसार फसल अवशेष जलाने से वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड और सूक्ष्म धूल कण बढ़ जाते हैं, जिससे वायु गुणवत्ता खराब होती है और बीमारियां फैलने का अंदेशा रहता है। हालांकि प्रशासनिक स्तर पर फसल अवशेष जलाने पर पाबंदी लगाई हुई है। लेकिन प्रशासनिक आदेशों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है।




झज्जर। खेतों में फसल अवशेषों में लगी आग। फोटो : हरिभूमि

### जिले में फसल अवशेष जलाने पर पूर्णतया रोक

जिलाधीश स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए जिले की सीमा में रबी फसलों के अवशेष जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष जलाने से न केवल पर्यावरण को गंभीर नुकसान होता है बल्कि कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न होती हैं। फसल अवशेष जलने से मिट्टी में मौजूद कार्बन, सूक्ष्म पोषक तत्व एवं सूक्ष्म जीव नष्ट होकर भूमि की उर्वरता घटती है। वातावरण में ऑक्सीजन की कमी होती है। उन्होंने कहा कि कोई भी खेत मालिक फसल अवशेष जलाते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## पुनर्वास सेवाओं व समावेशी शिक्षा की जानकारी दी



बहादुरगढ़। समापन के बाद प्रमाण पत्रों के साथ प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** नूना माजरा स्थित श्री ओमवीर सिंह इंस्टिट्यूट ऑफ रिहेबिलिटेशन द्वारा तीन दिवसीय ऑफलाइन सीआरई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेष शिक्षा एवं पुनर्वास के क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों एवं प्रोफेशनल्स को नवीन शिक्षण विधियों, पुनर्वास सेवाओं तथा समावेशी शिक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने दिव्यांग बच्चों की शिक्षा, व्यवहार प्रबंधन, सहायक उपकरणों के उपयोग, समावेशी शिक्षा तथा पुनर्वास सेवाओं पर विस्तृत जानकारी दी। संस्था अध्यक्ष नवीन देशवाल ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों एवं पुनर्वास पेशेवरों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन कॉन्क्लेव में किया मंथन

**बहादुरगढ़।** राष्ट्रीय खेल फेडरेशन कॉन्क्लेव में आगामी कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स और लॉस एंजिल्स ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए भविष्य की खेल रणनीतियों पर गहन मंथन हुआ। भारतीय तैराकी संघ और हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडविया, केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे, भारतीय ओलंपिक संघ अध्यक्षा पीटी उषा की मौजूदगी में जमीनी स्तर पर खेल सुधारों को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। उनके अनुसार ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को सुविधाओं के साथ आधुनिक वैज्ञानिक प्रशिक्षण भी मिलना चाहिए।



बहादुरगढ़। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ चर्चा करते अनिल खत्री। फोटो : हरिभूमि

## पूर्व मंत्री की गाड़ी चोरी के मामले में एक आरोपी पांच दिन के रिमांड पर



रेवाड़ी। सीआईए की गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सीआईए कोसली ने पूर्व मंत्री जसवंत सिंह की स्कॉर्पियो गाड़ी चोरी करने के मामले में एक आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। उसे पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी ने चोरी करने के बाद गाड़ी बिकवाने के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी। सेक्टर-3 से पूर्व मंत्री जसवंत की नई स्कॉर्पियो गाड़ी बीते 28 मार्च की रात को चोरी हो गई थी। चोर गाड़ी का पिछला शीशा तोड़कर गाड़ी चोरी कर ले गए थे। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने 29 मार्च को चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। सीआईए कोसली ने सूचना के आधार पर चोरी की गई गाड़ी सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में पता चला था कि राजस्थान में शराब तस्करी करने वाले पिता-पुत्र ने चोरी की गाड़ी खरीदी थी। इस मामले में सीआईए कोसली ने राजस्थान के खेड़ी का खेड़ा निवासी नरेंद्र काठात को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। वह चोरी के अन्य मामले में जेल में बंद चला आ रहा है। सीआईए के अनुसार नरेंद्र ने ही मंत्री की गाड़ी बिकवाने में मध्यस्थ की भूमिका अदा की थी। उससे चोरी के बारे में व्यापक पूछताछ के पांच दिन के रिमांड पर लिया गया है।

## समाधान शिविरों में दर्ज 5961 शिकायतों में से 310 शिकायतें पेंडिंग

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि समाधान शिविर जनता की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने बताया कि अब तक जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में कुल 5961 शिकायतें दर्ज हुई हैं, जिनमें से 310 शिकायते ही पेंडिंग हैं। उन्होंने विभाग वार समीक्षा करते हुए समस्याओं के जल्द समाधान के निर्देश दिए।

# सीएम अनाउंसमेंट से जुड़े विकास कार्यों को जल्द पूरा कराएं अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए प्रशासनिक सचिव शेखर विद्यार्थी।

सभी विभागाध्यक्ष जिलाभर में चल रही विकास परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित समयावधि में पूरा करना सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को इन योजनाओं का त्वरित लाभ मिल सके। यह निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त एवं सचिव व जिले के लिए नियुक्त प्रशासनिक सचिव शेखर विद्यार्थी शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को जल्द पूरा करवाया जाए। इसके अलावा सीएम अनाउंसमेंट के तहत जो कार्य पूरे हो चुके हैं उनकी यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट जल्द से जल्द भिजवाई जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं के तहत चल रहे कार्यों में विभागीय स्तर पर किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। इस दौरान उन्होंने गेहूं खरीद कार्य के साथ साथ उठान कार्य की भी रिपोर्ट लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## सतीश कुमार को दी पदोन्नति पर बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला पुलिस में तैनात सतीश कुमार को उप निरीक्षक से निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। जिसके चलते पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने स्टार लगाकर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रवक्ता ने बताया कि सतीश कुमार ने 1 अक्टूबर 1989 को हरियाणा पुलिस में सिपाही के रूप में अपनी सेवाएं शुरू की थीं। इसके बाद उन्होंने निरंतर मेहनत, ईमानदारी और समर्पण के साथ विभाग में विभिन्न जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।



झज्जर। स्टार लगाकर उत्साहवर्द्धन करते हुए पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह। फोटो :हरिभूमि

## शराब के नशे में तोड़ी डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा

**रेवाड़ी।** शहबाजपुर खालसा गांव में उस समय तनाव का माहौल बन गया, जबकि असामाजिक तत्व ने गांव में लगी संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा तोड़ दी। प्रतिमा तोड़ने वाले ने यह कदम शराब के नशे में उठाया था। पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गांव के सरपंच मनोज कुमार ने पुलिस शिकायत में बताया कि बीते बुधवार की रात किसी ने बाबा साहेब और शोभानाथ महाराज की प्रतिमाओं को खंडित कर दिया। कसोला पुलिस ने सरपंच की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद इस मामले में गांव निवासी रोहित को तत्काल गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि शराब के नशे में उसने यह कदम उठाया था। प्रतिमाएं खंडित किए जाने के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया। भीम आर्मी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एसपी से मिलकर आरोपी के खिलाफ रासुका के तहत केस दर्ज करने की मांग की गई। आर्मी ने एसपी से मांग की कि डा. आंबेडकर की प्रतिमा नए सिरे से प्रशासन खुद स्थापित कराए। साथ ही प्रतिमा स्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इस मामले में जल्द एक्शन नहीं लिया गया, तो भीम आर्मी बड़ा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी।

## कंपनी कर्मचारी की संदिग्ध हालात में मौत, दो दिन बाद कमरे से मिला शव

**रेवाड़ी।** सेक्टर-4 के पास वाल्मीकि बस्ती में रह रहे एक कंपनी कर्मचारी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों के इंतजार में शव मोर्चरी में रखवा दिया। परिजनों के आने के बाद ही पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

मूल रूप से यूपी के मसावलपुर का रहने वाला लगभग 28 वर्षीय रंजन कुमार एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। वह वाल्मीकि बस्ती में किराए के मकान में अकेला रह रहा था। उसने दो दिन से अपने परिजनों से फोन पर संपर्क नहीं किया। परिजनों के फोन करने पर भी जवाब नहीं मिला, तो परिजनों को चिंता हो गई। उन्होंने रंजन के एक दोस्त के पास फोन करते हुए उसे उसके पास भेज दिया। उसका दोस्त कमरे पर पहुंचा तो रंजन फर्श पर मृतावस्था में पड़ा हुआ था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया। सीन ऑफ क्राइम टीम ने मौत का कारण हार्ट अटैक माना है, परंतु वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही चल पाएगा।

# अनाज मंडी में जोरों पर चल रहा पैकिंग व उठान कार्य

- उठान कार्य के कारण अब मंडी में खुली जगह दिखाई देने लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्थानीय अनाज मंडी में आजकल गेहूं की आवक जहां लगभग बंद हो चुकी है वहीं लगातार चल रहे उठान कार्य के कारण अब मंडी में खुली जगह दिखाई देने लगी है। श्रमिक लगातार गेहूं की फसल की पैकिंग कार्य में जुटे हैं। विभागीय आंकड़ों के अनुसार स्थानीय अनाज मंडी में अभी तक 6 लाख 50 हजार क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है जिसमें से 6 लाख 15 हजार 648 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है और 5 लाख 60 हजार 105 क्विंटल गेहूं का उठान भी हो चुका है। वहीं डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि अब तक जिले में गेहूं की 2 लाख 37 हजार 746 मीट्रिक टन की आवक दर्ज जबकि 2 लाख 19 हजार 745 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। उन्होंने बताया कि अब तक कुल खरीद के 1 लाख 98 हजार 143 मीट्रिक टन गेहूं उपज का उठान किया जा चुका है।



झज्जर। अनाजमंडी में कट्टों में पैक गेहूं की फसल। फोटो : हरिभूमि

## छात्राओं को दी आपात स्थिति में प्रारंभिक सहायता की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

विश्व रेड क्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय महाविद्यालय बहू में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को मानव सेवा, प्राथमिक उपचार तथा आपदा के समय सहायता प्रदान करने के लिए जागरुक करना रहा। व्याख्यान में रेड क्रॉस यूनिट प्रभारी डॉ. रविंद्र सांगवान द्वारा छात्राओं को यूथ रेड क्रॉस के महत्व से अवगत कराया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रोफेसर नरेंद्र कुमार ने बताया कि किसी भी दुर्घटना अथवा आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार किस प्रकार किसी व्यक्ति का जीवन बचाने में सहायक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने चोट, जलने, बेहोशी तथा अन्य सामान्य परिस्थितियों में दी जाने वाली प्रारंभिक सहायता बारे व्यावहारिक जानकारी भी प्रदान की। वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार व डॉ. पंकज ने मानव सेवा, सहानुभूति एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े संदेशों के माध्यम से जागरुक किया। इस मौके पर प्रोफेसर रेखा, डॉक्टर सुचित्रा, प्रोफेसर कुलबीर सिंह सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता। फोटो : हरिभूमि

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 11 को बाबा प्रसाद गिरी मंदिर में मनेगा



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के उपलक्ष्य में आगामी 11 मई को जिला स्तर पर शहर के बाबा प्रसाद गिरी मंदिर परिसर में श्रद्धा, उत्साह के साथ भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस विषय को लेकर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर तथा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के एम पांडुरंग ने वीसी के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ बैठक कर कार्यक्रम को भव्य, अनुशासित ढंग से आयोजित करने के निर्देश दिए। वीसी उपरांत डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत शहर में भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक और पूजा-अर्चना की जाएगी। धार्मिक अनुष्ठानों एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के माध्यम से श्रद्धालुओं को भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

*वैश्य आर्य पब्लिक स्कूल में हुई मासिक धर्म पर जागरूकता कार्यशाला*

# पीरियड्स को लेकर बेटियों से खुलकर बात करें मां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के वैश्य आर्य पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को मातृ-दिवस के अवसर पर मासिक धर्म से संबंधित समस्याएं एवं निदान विषय पर विशेष कार्यशाला हुई। बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के महासचिव एसके अग्रवाल तथा सहसचिव एमसी जोशी की विशेष उपस्थिति में हुई वर्कशॉप में 10 से 14 वर्ष की छात्राओं और उनकी माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

नारायण अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. खुशबू बंसल ने किशोरियों को बताया कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया है, बीमारी नहीं। किशोरावस्था में अनियमित पीरियड्स, पेट दर्द, कमर दर्द, मूड स्विंग, थकान और चिड़चिड़ापन आम समस्याएं हैं। उन्होंने मासिक धर्म से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों को पूरी तरह गलत बताया। उनके अनुसार पीरियड्स के दौरान हर 4-6 घंटे में सेनिटरी पैड बदलना बेहद जरूरी है। साफ-सफाई रखना और गुनगुने पानी से स्नान करना संक्रमण से बचाता है। दर्द से बचने के लिए आयरन, कैल्शियम और विटामिन युक्त आहार जैसे हरी सब्जी, फल, दूध, गुड लेना चाहिए।



बहादुरगढ़। डॉ. खुशबू बंसल का अभिनंदन करती अनीता कौशिक व अंजू अग्रवाल। फोटो : हरिभूमि

### जंक फूड खाने से बचें

इस दौरान ज्यादा तला-भुना और जंक फूड खाने से बचना चाहिए। हल्का व्यायाम, योग, पेट की गर्म सिकाई और 8 घंटे की पर्याप्त नींद दर्द कम करने में मदद करती है। यदि ब्लीडिंग बहुत ज्यादा हो, पीरियड्स 7 दिन से ज्यादा चलें या असहनीय दर्द हो तो इसे नजरअंदाज न करें और तुरंत स्त्री रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। स्कूल निदेशक अनीता कौशिक ने कहा कि माताएं भी बेटियों से इस विषय पर खुलकर बात करें और उनका संकोच दूर करें। प्राचार्या अंजू अग्रवाल ने पौधे भेंट कर डॉ. बंसल का धन्यवाद किया।

## अवैध शराब सहित युवक गिरफ्तार

- शराब संबंधी दस्तावेज नहीं दिखा सका आरोपी

**बहादुरगढ़।** झज्जर स्पेशल स्टाफ ने गांव छारा में अवैध रूप से काफी शराब बरामद की। टीम ने छारा टोल टैक्स के पास एक ढाबे के पीछे छापा मारा। जांच के दौरान विभिन्न ब्रांड्स की 9 अंग्रेजी, 12 देशी शराब की बोतल और 20 बीयर बरामद हुई। मौके से आरोपी रमेश को काबू किया गया। वह शराब संबंध में दस्तावेज नहीं दिखा सका। आरोपी के खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज किया गया है।

**सूचना**

मैं, रूपवति पत्नी स्व. श्री खजान सिंह निवासी मकान नंबर-698/6, वत्स कॉलोनी, लाइनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507 बयान करती हूं कि मेरा पुत्र विकास उर्फ विक्की मेरे कहने सुनने से बाहर है और मैं उससे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करती हूं। भविष्य में विकास उर्फ विक्की के साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। विकास उर्फ विक्की अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उससे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**सूचना**

मैं, श्रीमति सोनिया भोरिया (Sonia Bhoria) पत्नी श्री मनीष पुनिया निवासी मकान नंबर 530/6 वत्स कालोनी, लाईनपार, बहादुरगढ़, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर-124507, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा नाम सभी डोकोमेन्टों में सोनिया दर्ज है। अब मैं अपने सभी डोकोमेन्टों में अपना सरनेम सोनिया (Sonia Bhoria) दर्ज करवाना चाहती हूं। उक्त दोनों नामों को लेकर भविष्य में कोई वाद-विवाद हुआ तो मैं स्वंय जिम्मेवार होगी।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**बहादुरगढ़।** झज्जर-बहादुरगढ़ मार्ग पर डाबोदा गांव में घायल हुए युवक ने पुलिस को शिकायत देकर आरोपी क्रेटा गाड़ी चालक को हादसे का जिम्मेदार ठहराया है। शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। घायल की पहचान नवीन के रूप में हुई है। धौड़ गांव का रहने वाला है। नवीन के मुताबिक, कुछ दिन पहले वह बाइक पर सवार होकर बहादुरगढ़ से अपने गांव जा रहा था। डाबोदा गांव में जब नहर के पास पहुंचा तो सामने से आई क्रेटा गाड़ी ने सीधी टक्कर मार दी। इस हादसे में मुझे काफी चोट आई। बहादुरगढ़ के अस्पताल से पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। अब तबीयत में सुधार होने पर शिकायत दी है।

### नाबालिग पर जानलेवा हमले का आरोपी काबू

**बहादुरगढ़।** लाइनपार थाना पुलिस ने नाबालिग लड़के पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोपी एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है। लाइनपार थाना प्रभारी अजय सिंह के अनुसार, 23 अप्रैल को आरोपी ने पैसे मांगने को लेकर हुए विवाद के दौरान नाबालिग पर चाकू से हमला कर दिया तथा जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। आरोपी आनंद निवासी उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी की निशानदेही पर वारदात में प्रयोग किया गया चाकू बरामद किया है।

### सामान खरीदने आईं महिलाओं ने की चोरी

**बहादुरगढ़।** शहर में पुराना बराही रोड स्थित एक बिजली की दुकान में चोरी की वारदात हो गई। सामान खरीदने के बहाने आई दो महिलाओं ने वारदात को अंजाम दिया। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-2 निवासी प्रवेश का कहना है कि बराही रोड पर उनकी बिजली के सामान संबंधित दुकान है। बुधवार दोपहर करीब दो बजे दो महिलाएं दुकान पर सामान लेने के लिए आईं। मैं सामान लेने बेसमेंट में चला गया। कुछ देर बाद आया तो महिलाएं नहीं मिलीं। देखा तो छोटी तारों के पांच बंडल गायब थे। इसके बाद कैमरे चेक किए। उन्हीं महिलाओं ने वारदात की है।

### 11.67 ग्राम स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा प्रथम ने स्मैक सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अंकित के रूप में हुई है। वह आर्य नगर का रहने वाला है। बालोर रोड टी प्वाइंट पर नंदीशाला के पास से उसे काबू किया गया। आरोपी से 11.67 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल 8 दिन से चल रही, समाधान का नहीं दिख रहा रास्ता

# कचरे पर राजनीति, सरकार मौन



**झज्जर।** महिला सफाई कर्मचारियों के साथ बातचीत करतीं विधायक गीता भुक्कल। फोटो : हरिभूमि




**बहादुरगढ़।** सब्जी मंडी के बाहर आधी सड़क तक लगा गंदगी का ढेर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल आठवें दिन में प्रवेश कर गई। इस दौरान सैकड़ों टन कचरा सड़क से नहीं उठने की वजह से शहर सड़ांध मार रहा है। इतने दिन बीत जाने के बावजूद सरकार मौन है और खामियाजा आम आदमी भुगत रहा है। हड़ताल पर आए दिन राज नेताओं व कर्मचारी नेताओं की बयानबाजी जमकर हो रही है, लेकिन समाधान कहीं नहीं दिख रहा। प्रशासन की ओर से भी कोई ठोस वैकल्पिक इंतजाम नहीं किए जा रहे, जिससे आम जनता को राहत मिल सके।

वहीं, नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर परिषद द्वारा की जा रही हड़ताल के दौरान विधायक गीता भुक्कल शुक्रवार को कर्मचारियों के बीच पहुंची। उन्होंने सफाई कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए सरकार से उनकी लंबित मांगें पूरी कराने के पुरजोर प्रयास का आश्वासन दिया। अपने संबोधन में भुक्कल ने कहा कि उनकी पार्टी की सरकार बनने पर वे सफाई कर्मचारियों की सीधी भर्ती करेंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की जायज मांगों को पूरा कराने में कांग्रेस पार्टी उनका मजबूती से साथ देगी।

यूनियन के इकाई प्रधान शिवम चांवरिया ने बताया कि कोर्ट के आदेश के बावजूद दस-दस साल पुराने कर्मचारियों को पक्का नहीं किया जा रहा। उनकी मुख्य मांगों में पुरानी पेंशन बहाली, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, जब तक पक्का न करें तब तक तीस हजार रुपये न्यूनतम वेतन देना, अग्निशमन विभाग फरीदाबाद में मौत का ग्रास बने कर्मचारी भवीचंद शर्मा और रणबीर को शहीद का दर्जा व आश्रितों को एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता, स्थानीय नगर परिषद के पेरोल कर्मचारी स्वर्गीय राजेश के परिजनों को पचास लाख रुपये मुआवजा व परिवार के एक सदस्य को नौकरी की मांग शामिल है।

#### राजेश के परिजनों के लिए ज्ञापन सौंपा

इसके बाद कर्मचारियों ने पेरोल कर्मचारी स्वर्गीय राजेश के परिजनों को आर्थिक सहायता देने व परिवार के एक सदस्य को स्थायी नौकरी की मांग के संदर्भ में एक ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान रामबीर, जिला सचिव नरेश, अध्यापक संघ से रमेश जाखड़, राजेंद्र जुलाना, जयपाल गुढ़ा, रामेश्वर बिरधाना, किसान सभा से जगबीर, फायर विभाग से सत्येंद्र, संजय, जोगिंद्र,नगर परिषद से जिला सचिव गौरव, ऑडिटर कृष्ण, प्रचार सुचारक मनीषा, सह सचिव बबली, महिला उपप्रधान कमलेश, सलाहकार सुरेश, मुकेश, विनोद गुर्जर, मनोज, दुष्यंत, शीतल, सविता, अंजू, दया, रानी, विद्या, कुसुम, सुरेश, रविंद्र, मुकेश, विक्रम, नवीन, सूरज, विकास बोहत सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## सड़कें सड़ रहीं, अफसरों को नहीं आ रही सड़ांध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल थमने का नाम नहीं ले रही। आठ दिन से चल रही इस हड़ताल के कारण शहर गंदगी से सड़ रहा है। तमाम सड़कों, गलियों, चौक-चौराहों पर गंदगी के ढेर हैं। नालियां सड़ रही हैं और सड़ांध का वातावरण बना हुआ है। बीमारियां फैलने की आशंका है। गंदगी के ढेरों और दुर्गंध से लोग परेशान हैं। हैरानी की बात है कि हड़ताल के आठ दिन होने के बावजूद प्रशासन की ओर से ठोस वैकल्पिक इंतजाम नहीं किए गए हैं।

झज्जर रोड पर सब्जी मंडी के बाहर काफी दूर तक कचरे का ढेर लग गया है। यहां से निकलना भी दूर हो गया है। शहर में गंदगी के गंभीर हालातों के बीच कोई समाधान का कोई रास्ता नहीं निकल रहा।

कर्मचारी लगातार धरना देकर नारेबाजी कर रहे हैं। इकाई प्रधान राजेश ने कहा कि शहर में व्याप्त गंदगी भरे हालातों से उन्हें भी दुख हैं। वे भी नहीं चाहते कि शहरवासी परेशान हों, लेकिन हम मजबूर हैं। जिला प्रधान राजेंद्र तुषामड़, इकाई उप प्रधान अजय, कैशियर मुकेश बालगुहेर, सह सचिव होशियार सिंह दरोगा, डिटर सुनील, जय भगवान, इंद्रमल, उषा, सरोज, सुनीता सहित अन्य कर्मचारी धरने पर मौजूद रहे। एक मई को यह हड़ताल शुरू हुई थी। फिलहाल 11 मई तक हड़ताल प्रस्तावित है।

उम्र तो बस एक नंबर है, जज्बा हो तो सब संभव है




## रिटायरमेंट के बाद वजन हो गया 85 किलो, दौड़ ने दी जिंदगी को रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सेक्टर-6 निवासी नरेश कुमार शर्मा 2018 में इंस्पेक्टर पद से सेवानिवृत्त हुए। तब सोचा था कि अब आराम से जीवन कटेगा, लेकिन जल्द ही उनका वजन 85 किलोग्राम से अधिक हो गया और स्वास्थ्य संबंधी कई परेशानियां भी सामने आने लगी थीं। लेकिन उन्होंने हार मानने की बजाय खुद को फिट और सक्रिय बनाने का मजबूत संकल्प लिया। बीआरजी संस्थापक दीपक छिल्लर के मार्गदर्शन में उन्होंने रनिंग और साइक्लिंग की शुरुआत की। लगातार मेहनत, अनुशासन और अभ्यास से वजन कम हुआ और फिटनेस बेहतर हुई। उन्होंने कई राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। उन्होंने 65 प्लस की 800 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान हासिल किया।

बलवंत यादव सुसाइड केस में एकजुट हो रहा सर्वसमाज

## पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए कल मुंडाहेड़ा में होगी पंचायत : यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

हरियाणा विद्युत ऊर्जा निगम में बतौर अकाउंट ऑफिसर कार्यरत बलवंत यादव द्वारा हरियाणा सचिवालय चंडीगढ़ की आठवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या करने के मामले में उनके पैतृक गांव मुंडाहेड़ा में शुक्रवार को यादव महासभा के पदाधिकारियों ने गहरा शोक जताते हुए इसे समाज के लिए बेहद दुखद और चिंताजनक घटना बताया है। यादव महासभा के प्रधान राम अवतार यादव ने मृतक के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए प्रशासन और सरकार से मामले में तुरंत और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है।



**झज्जर।** बलवंत यादव के परिवार को सांत्वना देते हुए यादव महासभा के प्रधान रामअवतार यादव एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कहा कि बलवंत यादव की मौत ने सर्वसमाज को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए सर्व समाज एकजुट होकर संघर्ष करेगा। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए रविवार को मुंडाहेड़ा गांव में सर्व जातीय महापंचायत भी बुलाई गई है। महापंचायत में विभिन्न सामाजिक संगठनों, खाप प्रतिनिधियों, ग्रामीणों और समाज के प्रबुद्धजनों को बुलाया गया है। उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक संख्या में महापंचायत में पहुंचने की अपील की है ताकि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की आवाज मजबूत हो सके। इस दौरान यादव महासभा के उप-प्रधान पूर्व सरपंच महेंद्र यादव, शिक्षाविद् अजीत तुंबाहेडी, कृष्ण यादव सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### नाली सफाई करते समय हुए झगड़े में दो भाइयों को पीटा

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव मारौत में नाली साफ करने को लेकर हुए झगड़े में दो भाइयों को पीटने का आरोप पड़ोस के लोगों पर लगाया गया है। पुलिस को दी शिकायत में सत्तो पत्नी श्रीपाल ने बताया कि बुधवार की सुबह दस बजे जब वह अपने घर के बाहर खड़ी थी तो पड़ोसी जयप्रकाश नाली साफ करते हुए गंदे पानी व कीचड़ को कस्सी से उनके घर की तरफ फेंक रहा था। जब उसने इस बात का विरोध किया तो वह गालियां देने लगा।

सत्तो के अनुसार शोर सुनकर जब उसका पति श्रीपाल व देवर परमवीर घर से बाहर आए तो उन्होंने पड़ोसियों से झगड़े का कारण पूछा, लेकिन जयप्रकाश व उसकी पत्नी ने अपने अन्य परिजनों के साथ उसके पति व देवर की पिटाई कर दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी।

## चलती कार में लगी भीषण आग दो युवकों ने कूदकर बचाई जान



**झज्जर।** सांपला मार्ग पर कार में लगी भीषण आग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शुक्रवार को शहर के सांपला मार्ग पर रामपुरा गांव के नजदीक अज्ञात कारणों से एक चलती कार में आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चलती कार से अचानक धुआं निकलना शुरू हुआ और देखते ही देखते वह आग का गोला बन गई। गनीमत यह रही कि कार सवार दोनों युवक समय रहते कार रोकते हुए उससे बाहर कूद गए और उनकी जान बच गई। राहगीरों द्वारा घटना की सूचना डायल 112 के माध्यम से पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंच कर बड़ी मशक्कत के बाद जब तक आग पर काबू पाया तब तक कार जलकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। जानकारी के अनुसार पानीपत जिले के शाहपुर निवासी संदीप अपने एक अन्य दोस्त के साथ मार्बल पत्थर की खरीदारी करने यहां शहर आ रहा था।

### ग्रामीण सफाई कर्मी 12 को करेंगे प्रदर्शन

**झज्जर।** अपनी मांगों को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने आंदोलन तेज करने की घोषणा की। कर्मचारी 12 मई को सड़कों पर उतरकर प्रदेशभर में प्रदर्शन करेंगे। यह निर्णय राज्य प्रधान बसाऊराम की अध्यक्षता में आयोजित ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन की राज्य कमेटी द्वारा वर्चुअल मीटिंग में लिया गया। इसके अलावा 13 मई को रोहतक में राज्य स्तरीय कार्यकर्ता बैठक का आयोजन कर आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी।

यूनियन के जिला सचिव संदीप कुमार मारौत ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने पिछले 12 वर्षों में न तो सफाई कर्मचारियों की स्थायी भर्ती की और न ही कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया। उच्च न्यायालय द्वारा 10 साल से कार्यरत सफाई कर्मियों को स्थायी करने के आदेश के बावजूद सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं तो प्रदेश के 10 हजार ग्रामीण सफाई कर्मचारी भी हड़ताल पर जाने से पीछे नहीं हटेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

तैयारी | औद्योगिक संगठन बीसीसीआई के चुनाव 11 मई को, दो गुट में सीधा मुकाबला

## उद्योग विकास मंच के उम्मीदवारों ने मांगे वोट प्रोग्रेसिव फ्रंट ने वोटर लिस्ट पर उठाए सवाल

निष्पक्ष चुनाव को जिला रजिस्ट्रार से हस्तक्षेप की मांग की

आरोप-तीन बार बदली गई वोटरलिस्ट, 50 वोटर ऐसे जिनका क्षेत्र में कोई सक्रिय व्यापार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

औद्योगिक संगठन बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई) के चुनाव को लेकर प्रचार शुरू होने के साथ ही आक्षेप लगने शुरू हो गए हैं। उद्योग विकास मंच ने इसे बहादुरगढ़ के औद्योगिक भविष्य, उद्योगपतियों के सम्मान और औद्योगिक विकास की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण चुनाव बताया है, जबकि प्रोग्रेसिव फ्रंट ने चुनाव प्रक्रिया में अनेक गंभीर खामियां एवं विसंगतियां बताते हुए जिला रजिस्ट्रार फर्म्स एंड सोसायटी से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।



**बहादुरगढ़।** चुनाव की तैयारी में जुटे उद्योग विकास मंच के सदस्य।



**बहादुरगढ़।** चुनाव को लेकर चर्चा करते प्रोग्रेसिव फ्रंट के सदस्य।

उद्योग विकास मंच की ओर से सुभाष जग्गा, विकास आनंद सोनी व नरेंद्र छिकारा ने कहा कि उन्होंने बीसीसीआई के माध्यम से उद्योगपतियों की समस्याओं को सरकार और प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाकर उनके समाधान के लिए निरंतर संघर्ष किया है। किसान आंदोलन के दौरान हाईकोर्ट में केस डालकर रास्ता खुलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कोविड काल के दौरान श्रमिकों, उद्योगपतियों और आमजन की सहायता के लिए बढ़-चढ़कर कार्य किए थे। उद्योगों की समस्याओं का समाधान, औद्योगिक क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार, उद्योगपतियों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा, सरकार व प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय तथा बहादुरगढ़ को और औद्योगिक रूप से मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।

प्रोग्रेसिव फ्रंट के प्रवीण गर्ग, विपिन बजाज व अशोक मित्तल के अनुसार चुनाव से कुछ दिन पूर्व अंतिम वोटर सूची उपलब्ध कराई गई है। एक मई की सुबह 752 सदस्यों की एक सूची जारी की गई, जबकि उसी दिन शाम को केवल 671 वोटरों की दूसरी सूची उपलब्ध कराई गई, जिसमें किसी भी प्रकार के मोबाइल नंबर अथवा संपर्क विवरण शामिल नहीं थे। लगातार पत्राचार एवं अनुरोध करने के पश्चात 5 मई को 665 वोटरों की एक नई सूची उपलब्ध कराई गई, जिसमें संपर्क नंबर दिए गए। जब वोटरों से संपर्क किया गया, तब सामने आया कि 50 से अधिक ऐसे नाम वोटर सूची में शामिल हैं, जिनका क्षेत्र में कोई सक्रिय व्यापार, उद्योग अथवा औद्योगिक गतिविधि मौजूद नहीं है। प्रोग्रेसिव फ्रंट ने जिला रजिस्ट्रार से अविलंब सही एवं प्रमाणिक वोटर सूची उपलब्ध करवाने की मांग की है।